बांदीपुर टाइगर रिज़र्व

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में, सरकार ने **बेलाडाकुप्पे श्री महादेश्वरस्वामी मंदिर,** जो [बांदीपुर टाइगर रिज़र्व](#)**(BTR)** के **मुख्य क्षेत्र में है, की वार्षिक जातरा (कार्तिक माह का अंतिम सोमवार**) पर प्रतिबंध लगा दिया है।

- **यह मंदिर बांदीपुर टाइगर रिज़र्व की हेडियाला रेंज** में स्थित है, जो वन्यजीवों के लिये संरक्षित क्षेत्र है।
- बाघ रिज़र्वों का गठन **कोर और बफर संरक्षण पद्धति का उपयोग** करके किया जाता है।
    - **मुख्य क्षेत्र सभी प्रकार के मानवीय उपयोग से मुक्त है,** जबकि **बफर क्षेत्र में संरक्षणोन्मुख** भूमि उपयोग है।
- **बांदीपुर टाइगर रिज़र्व (कर्नाटक) के बारे में:**
    - **बांदीपुर टाइगर रिज़र्व** [पश्चिमी घाट](#) **परिदृश्य** का एक प्रमुख क्षेत्र है, जहाँ **विश्व की बाघ आबादी** का **1/8वाँ हिस्सा रहता है।**
    - **यह बांदीपुर, नागरहोल, वायनाड, मुदुमलाई और सत्यमंगलम टाइगर इस क्षेत्र** का हिस्सा है, जो **कर्नाटक, तमिलनाडु तथा केरल** तक फैला हुआ है।
    - **यह** [नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व](#)का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जो भारत का पहला बायोस्फीयर रिज़र्व (1986) है।
    - **यह रिज़र्व मैसूर एलीफैंट रिज़र्व** का एक हिस्सा है, जो **एशियाई हाथियों** की विश्व की सबसे बड़ी आबादी है।

//

और पढ़ें: [प्रोजेक्ट टाइगर]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bandipur-tiger-reserve-2